प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात
दिनांक- 01.05.2026

- **थाना बरौर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए दहेज के लिए पत्नी की मारपीट कर हत्या कारित करने वाले वांछित 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 29.04.2026 को थाना बरौर पर आवेदक श्री रामशंकर पुत्र शिवचरन निवासी ग्राम सैंथा थाना गजनेर जिला कानपुर देहात द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना बरौर पर मु0अ0स0 31/2026 धारा 85/80(2) बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट बनाम 1. सरवर नीर (पति) पुत्र अंजनी कुमार, 2. अंजनी कुमार (ससुर) पुत्र अज्ञात, 3. सरोजनी देवी (सास) पत्नी अंजनी कुमार, 4. शिवलाल (चचिया ससुर) पुत्र अज्ञात निवासीगण ग्राम मदनपुर थाना बरौर कानपुर देहात पंजीकृत किया गया था। थाना बरौर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए मुकदमा उपरोक्त में नामित अभियुक्त सरवर नीर उर्फ साहब लाल पुत्र अंजनी कुमार निवासी ग्राम मदनपुर थाना बरौर जनपद कानपुर देहात को दिनांक 01.05.2026 को मदनपुर मोड़ के आगे मन्दिर के पास थाना क्षेत्र बरौर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का नाम व पता-

1. सरवर नीर उर्फ साहब लाल उम्र करीब 29 वर्ष पुत्र अंजनी कुमार निवासी ग्राम मदनपुर थाना बरौर जनपद कानपुर देहात।

गिरफ्तारी करने वाली थाना बरौर पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री महेश कुमार
2. उ0नि0 श्री रंजीत कुमार
3. का0 हिमांशू यादव